# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के छठे चरण की चौदह सीटों के लिए मतदान शुरू, गैसड़ी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए भी डाले जा रहे हैं वोट, कड़ी सुरक्षा के बीच शाम छह बजे तक चलेगा मतदान ।
- लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान ने पकड़ा जोर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गाजीपुर में करेंगे चुनावी सभा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और सपा नेत्री व सांसद डिम्पल यादव वाराणसी में करेंगी रोड शो ।
- सर्वोच्च न्यायालय ने लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर केंद्रवार मतदान प्रतिशत अपलोड करने की याचिका पर चुनाव आयोग को निर्देश देने से किया इनकार ।
- समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां की नकली जन्म प्रमाण पत्र के मामले में मिली सजा पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगायी रोक ।

**********

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश की चौदह सीटों के लिए मतदान अबसे थोड़ी देर पहले शुरू हो गया है। आज ही बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये भी वोट डाले जा रहे हैं। इसके अलावा फर्रूखाबाद लोकसभा सीट के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान मतदेय स्थल पर आज पुर्नमतदान भी हो रहा है । इन सभी स्थानों पर मतदान शाम छह बजे तक चलेगा । छठे चरण वाले सुल्तानपुर लोकसभा क्षेत्र में सुबह से ही लोग कतारबद्ध होकर वोट दे रहे हैं। हमारे सुल्तानपुर प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***लोकसभा क्षेत्र सुल्तानपुर के 1254 मतदान केंद्रों के 1991 बूथों पर आज सुबह 7 बजे मतदान शुरू हो चुका है,मैं इस समय सुल्तानपुर नगर के राजकीय इण्टर कालेज के प्रांगण में बने बूथ पर मौजूद हूं जहा मतदाताओं ने तपती धूप व गर्मी से बचने के लिए साढ़े छः बजे से ही कतार लगा कर मतदान शुरू होने का इंतजार कर रहे थे,कतार में पहली बार वोट करने वाले युवा मतदाताओं में बेहद उत्साह देखा जा रहा है,मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कर्मचारी टोली बद्ध होकर घर घर संपर्क कर मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने में मदद कर रहे है।***

***आज के मतदान में मतदाता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी,इंडिया गठबंधन के राम भुआल निषाद,बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा समेत नौ प्रत्याशियों के भाग्य को ईवीएम में कैद करेंगे। दर्शन कुमार साहू आकाशवाणी समाचार सुल्तानपुर***

आज प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, सुल्तानपुर, मछलीशहर और भदोही संसदीय सीट के लिए वोट डाले जा रहे हैं।

प्रदेश के मुख्य चुनाव आयुक्त नवदीप रिणवा ने कल बताया कि जिन चौदह सीटों पर मतदान हो रहा है उनमें बारह सीटें सामान्य श्रेणी और दो सुरक्षित श्रेणी की हैं। इन सीटों पर कुल एक सौ बासठ उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें एक सौ छियालीस पुरुष प्रत्याशी और सोलह महिला प्रत्याशी शामिल हैं। सबसे अधिक छब्बीस उम्मीदवार प्रतापगढ़ सीट और सबसे कम छह प्रत्याशी डुमरियागंज सीट पर चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में प्रदेश के दो करोड़ सत्तर लाख उन्हत्तर हजार आठ सौ चौहत्तर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

छठे चरण के चुनाव में जिन प्रमुख उम्मीदवारों के राजनैतिक भविष्य का फैसला होगा, उनमें सुल्तानपुर संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी, प्रयागराज निर्वाचन क्षेत्र से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी और प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री उज्ज्वल रमण सिंह, आजमगढ़ से सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव और मौजूदा भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ शामिल हैं। पिछले चुनाव में इन चौदह सीटों में से दस सीटें भाजपा और चार सीटें सपा–बसपा गठबंधन ने जीती

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की तेरह संसदीय सीटों के प्रचार अभियान तेज हो गये है। इसी कड़ी में वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री आज गाजीपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहां पर भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय और सपा कांग्रेस इंडी गठबंधन से सांसद अफजाल अंसारी चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता व सांसद डिम्पल यादव वाराणसी से गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अजय राय के पक्ष में रोड शो करेंगी। वाराणसी से ही वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ भी आज सलेमपुर, बलिया, चंदौली और वाराणसी में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल कुशीनगर, बलिया और राबर्ट्सगंज में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया । श्री नड्डा ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में सभी वर्गों के लोगों को बिना भेदभाव के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया है।

उन्होंने दावा किया कि पहले इंदिरा आवास योजना के तहत एक पंचायत में सिर्फ दो आवास मिलते थे, जबकि आज पीएम आवास योजना के तहत चार करोड़ आवास बनाये गये हैं। उन्होंने वादा किया कि अगले पांच साल में तीन करोड़ नए आवास बनाये जायेंगे।

मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने कल महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर और गोरखपुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने दावा किया कि पांच चरणों के चुनाव के बाद यह साफ हो चुका है कि देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है। उन्हांने कहा कि चार सौ पार के नारे से इंडिया गठबंधन हताशा में है। भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सलेमपुर संसदीय क्षेत्र के एक स्कूल में चुनावी सभा को सम्बोधित किया । उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने वर्ष दो हजार चौदह से लेकर दो हजार चौबीस तक सैकड़ों कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबी रेखा में जीवनयापन कर रहे लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाने का कार्य किया है। श्री पाठक ने मऊ जिले का दौरा कर एनडीए गठबंधन के सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए रणनीतिक बैठकों में हिस्सा लिया है।

उधर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बयान में दावा किया कि पांच चरणों के मतदान में भाजपा का ग्राफ लगातार नीचे गिरता जा रहा है। भाजपा के झूठे वादों से जनता परेशान है। इस चुनाव में पूर्वांचल से भाजपा का पूरी तरह सफाया होगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है।

आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर ने कल कुशीनगर संसदीय सीट से राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थन में विभिन्न स्थानों पर चुनावी सभाएं कीं।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कल लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी वेबसाइट पर केंद्र–वार मतदान प्रतिशत अपलोड करने की याचिका पर चुनाव आयोग को निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने चल रही चुनावी प्रक्रिया के बीच **हस्तक्षेप रवैया** नहीं अपनाने का समर्थन किया। न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और सतीश चन्द्र शर्मा की अवकाश पीठ ने याचिका पर सुनवाई को स्थगित कर दिया। पीठ ने कहा कि इसकी सुनवाई लोकसभा चुनावों के सम्पन्न होने के बाद की जायेगी।

**********

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कल नकली जन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान की सात साल की सजा पर रोक लगा दिया । हाईकोर्ट ने उन्हें, उनकी पत्नी और बेटे को जमानत भी दे दी, हांलाकि पत्नी और बेटे की सजा पर रोक लगाने वाली याचिका को नामंजूर कर दिया ।

**********

पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर दोहना रेलवे स्टेशन के बीच सब वे निर्माण के कारण कई गाड़ियों का संचालन निरस्त कर दिया गया है। टनकपुर से उन्तीस मई और चार जून को चलने वाली टनकपुर बरेली जंक्शन विशेष रेलगाड़ी, बरेली जंक्शन से तीस मई और पांच जून को चलने वाली बरेली जंक्शन टनकपुर विशेष रेलगाड़ी और पीलीभीत व टनकपुर से उन्तीस मई एवं चार जून को चलने वाली पीलीभीत टनकपुर पीलीभीत विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

**********

प्रदेश के बुलंदशहर जनपद के थाना ककोड़ क्षेत्र के गांव भोपतपुर से वैष्णो देवी जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पंजाब के अंबाला में कल एक टैंकर से टकरा गयी। इस हादसे में सात लोगो की मौत हो गयी और बीस से अधिक लोग घायल हो गये। सभी मृतक एक ही परिवार के है।

**********

प्रदेश के अलीगढ़ जनपद के हरदुआगंज थानाक्षेत्र में कल एक फैक्ट्री में आग लगने की घटना में तीन लोगों की मृत्यु हो गयी, जबकि चार घायलों का इलाज जेएन मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। आग के कारणों की जांच की जा रही है। एक अन्य हादसे में हरदोई जिले के सांडी थानाक्षेत्र में हरदोई सांडी मार्ग पर एक अनियंत्रित चारपहिया वाहन पेड़ से टकरा गया, जिससे वाहन में आग लग गयी। इस हादसे में कार सवार दंपति जिंदा जल गये।

**********